संख्या-56/2015/582/78-2-2015-53आई.टी./08टी.सी.

प्रेषक,

जी0 एस0 प्रियदर्शी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव/सचिव,
   समाज कल्याण विभाग, गृह विभाग, परिवहन विभाग, राजस्व विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, श्रम विभाग, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
   निर्वाचन विभाग,
   उत्तर प्रदेश।

आई.टी. एवं इलेक्टानिक्स अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक: 09 जून, 2015**

विषयः प्रदेश में इलेक्ट्रानिक डिलीवरी के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं की संख्या बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के शासनादेश सं0-1062/78-2-2014-53आई.टी./2008टी.सी. दिनांक 22 सितम्बर, 2014 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपसे अपेक्षा की गयी थी कि आप अपने विभाग की जनोपयोगी सेवाओं को चिन्हित करते हुये आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि प्रदेश में इलेक्ट्रानिक डिलीवरी के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं की संख्या बढ़ायी जा सके।

2. उक्त के क्रम में यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 24.12.2014 को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आहूत बैठक का कार्यवृत्त (संलग्नक-1) में विभागवार सेवाओं का चयन कर लिया गया है तथा इन सेवाओं को इलेक्ट्रानिक डिलीवरी के माध्यम से प्रदान करने के साथ-साथ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से इन्टीग्रेशन कराते हुये आम जनमानस को उपलब्ध किया जाना है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3. इस सम्बन्ध में आई0टी0 एवं इले0 विभाग द्वारा चिन्हित विभागों में विभागीय स्तर से निर्गत किये जाने वाले शासनादेश का आलेख एवं ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से इन्टीग्रेशन हेतु आवश्यक गाइडलाईन्स संलग्न कर सभी विभागों को मार्च, 2015 माह में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई थी।

4. उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने से सम्बन्धित विभागीय सेवाओं का ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से इन्टीग्रेशन कराये जाने हेतु की गई आवश्यक कार्यवाही से आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक विभाग, उ0प्र0 शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

(जी0 एस0 प्रियदर्शी)
विशेष सचिव

संख्याः 56/2015/582(1)/78-2-2015 तददिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. विशेष सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. एस.आई.ओ., एन.आई.सी., योजना भवन लखनऊ।
3. हेड, एस.ई.एम.टी.।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महेन्द प्रसाद भारती)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।